>

Title: Demand to construct an overbridge in Nagina and widen the Nagina to Bijnaur Road.

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): माननीय अध्यक्ष जी आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र नगीना के लोक महत्व के विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको दिल की गहराई से बधाई देना चाहता हूं । नगीना क्षेत्र में धामपुर से नगीना और नजीबाबाद के लिए नेशनल हाइवे बना है । काफी समय से इस पर काम चल रहा है । किसानों का इस वक्त गन्ने की ढुलाई का काम है, फैक्ट्रियां चालू हैं, रोड पर तमाम गड्ढ़े हैं । इससे लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है ।

नगीना से जो बिजनौर की ओर रोड जा रही है, वहां रेलवे क्रांसिंग है । उस रेलवे क्रांसिंग में तीन-तीन गाड़ियां एक साथ निकलती हैं, जिसके कारण जाम लगा रहता है । मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग रखना चाहता हूं कि नगीना में एक ओवर ब्रिज बने और नगीना से बिजनौर के बीच जो मार्ग है, उसका चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण हो । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री रितेश पाण्डेय और *m04 श्री मलूक नागर को श्री गिरीश चन्द्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।